धर्म किसी मजहब से नही जुड़ा है : मौलाना मोहम्मद जुबेर

सारंगपुर: शिव जयंती महोत्सव में मंच पर विराजित नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली, शाही जामा मज्जिद के मोलाना मोहम्मद जुबेर अशरफी, गुरुद्वारा ज्ञानी भारतसिंह जी, सेन्जोर चर्च के फादर राय जोसेफ, ब्र.कु. मधु।

सारंगपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सारंगपुर द्वारा शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत श्रीराम मांगलिक भवन से सामाजिक एकता एंव सद्भावना रैली निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर एक विशाल सभा मे परिवर्तित हो गई। सद्भावना रैली में नगर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों एंव सभी समाज जनों के साथ विधायक गोतम टैटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष मो.अली, अन्जुमन सदर सेठू बाबा, हिन्दु उत्सव समिति अध्यक्ष विकास विजयवर्गीय, बोहरा समाज के सदर बाकीर हुसेन, माली समाज, स्वर्णकार समाज, ब्राह्मण समाज, राठौर समाज तथा अन्य समाजों के अध्यक्ष व पदाधिकारी सहित अनेक पत्रकार उपस्थित थे।

रैली का किया भव्य स्वागत-

सद्भावना रैली का स्वागत नगर पालिका परिषद, अन्जुमन इस्लाम कमेटी, बोहरा समाज, महादेव मित्र मण्डल, लिपिक वर्ग संघ, स्वर्णकार समाज, विश्व हिन्दु परिषद, मौसम टेन्ट हाउस, बोहरा व्यापारी संघ, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, सदभावना सगठन, जन विकास सद्भावना मंच, पटवारी संघ, जनपद पंचायत, सुरभि दुध डेरी, माली समाज व अन्य परिवारो द्वारा पुष्प वर्षा कर जलपान व स्वल्पाहार कराया गया। रैली प्रमुख मार्गो से होकर पुन: श्रीराम मांगलिक भवन पहुंची। जहां पर वरिष्ठ समाज सेवियों व नगर पालिका अध्यक्ष मो.अली, पुर्व नगर पालिका अध्यक्ष ललीत पालीवाल, मौलाना मो.जुबेर सा.असरफी, फादर रोयजोशफ, सिख समाज के भारत सिंह ज्ञानी, समाज सेवी मागीलाल सोलंकी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर धर्म सभा का उद्घाटन किया गया। इस सभा को संबोधित करते हुए शाही जामा मज्जित के मौलाना मो.जुबेर सा.असरफी ने कहा कि किसी दरिया में समंदर नही मिलता उसी तरह धर्म किसी मजहब से नहीं जुड़ा है। इंसान मोतियों की तरह बिखरा हुआ है उसे माला के रूप में पिरोना होगा तब कही जाकर शांति-एकता-भाईचारे का पैगाम आएगा।

राजगढ़ की ब्र.कु.मधु ने कहा कि हम सभी एक परमात्मा की संतान होने के कारण आपस में भाई-भाई हैं। इसलिए हमें आपस में सद्भाव व एकता से रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव का धरती पर अवतरण हो चुका है। और उनका संदेश देने के उद्देश्य से ही इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्र.कु.तेजस्वीता ने किया तथा आभार प्रदर्शन सारंगपुर की ब्र.कु.विजय लक्ष्मी ने किया।

दिल की सच्चाई से होगा प्रभु राजी

जबलपुर (कटंगा)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कटंगा कॉलोनी स्थित सेवाकेन्द्र द्वारा गोरखपुर अवस्थी कंपाऊन्ड में आयोजित परमात्म दर्शन आध्यात्मिक मेले का उद्घाटन करते हुए साकेत धाम के महामण्डलेश्वर स्वामी गिरीशानन्द जी महाराज ने कहा कि आज बड़ा महान दिवस हैं, जिसे हम शिवरात्रि के रुप में मना रहे हैं। भगवान शिव भोलेनाथ हैं उसे राजी करना है तो सच्चाई सफाई से उसकी आराधना करनी होगी। हमारे दिल में किसी के प्रति नफरत व द्वेष की भावना न हो। निर्मल व निश्छल मन हमें प्रभु प्रिय तथा लोक प्रिय बना देता है। इस अवसर पर स्वामी मुक्तानन्द महाराज जी ने भी मेले के प्रति अपनी शुभकामनायें व्यक्त की।

कटंगा सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु.विमला ने शिव संदेश सुनाते हुये कहा कि भगवान शिव कल्याणकारी हैं। वह विश्व कि समस्त आत्माओं के कल्याण के लिये ही इस धरा पर अवतरित हुए हैं। उनके इस अवतरण के यादगार रूप में ही हम महाशिवरात्रि का पर्व मनाते हैं। परमात्मा इस समय ही आकर हम मनुष्यात्माओं से बुराईयें रुपी अक और धतुरे के फूल मांग रहे हैं। अत: हम आज के दिन परमात्मा पर अपनी अवगुणों रुपी धतुरा चढायें यही सच्ची सच्ची शिवरात्रि हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ शिव ध्वजारोहण के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कटंगा स्थित सेवाकेंद्र से शिव संदेश शोभा यात्रा रैली निकाली गई। जो कि शहर के प्रमुख बाजार से भ्रमण करते हुये संपन्न हुई।

जबलपुर(कटंगा)। परमात्म दर्शन अध्यात्मिक मेले का उद्घाटन करते हुये महामंडलेश्वर स्वामी गिरीशानन्द जी,स्वामी मुक्तानन्द जी, ब्र.कु.विमला बहन तथा अन्य।

रैली मे कलश लेकर चलती ब्र.कु.बहनें तथा भाई।

अंबिकापुर(छ.ग.)। युवा जाग्रति कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित हैं मेनेजमेन्ट गुरु बी.के.शक्तिराज ठाकुर, भारत सिंह सिसोदिया,अनुराग सिंह प्रदेश भाजयुमो, एम.एस. पैंकरा कमिश्नर सरबुजा, तीर्थराज अग्रवाल एस डी एम, शैलेषसिंह, ब्र.कु.रुपेश भाई।

इन्दौर (वरदानी भवन)। शिवरात्री मोहत्सव पर शिव ध्वज फहराते भ्राता हरी जिन्दल, ब्र.कु.कुसुम, लायन रतन लाल गुप्ता, शान्तिलाल जेन, नरेन्द्र त्रिवेदी तथा अन्य।

सुभाश नगर। अंतराष्ट्रिय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. कवीता बापट,डॉ. ब्रजवाला तिवारी, संध्या मिरचंदानी, ब्र.कु.शकुन्तला एवं ब्र.कु.सुमित्रा बहन जोनल कोर्डिनेटर महिला विंग

तलेन। विश्व शान्ति समारोह एवं सदभावना रैली के उपरान्त मंच पर विराजित नगरपालिका अध्यक्ष यादव जी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एल.एन यादव तथा अन्य।

इन्दौर(मुसाखेडी)। जिला कारागार में कैदियों को इश्वरीय संदेश देते हुए ब्र.कु.पंचम सिंह

बड़वाह। शिवरत्रि मे जनसमुह को संबोधित करते हुये ब्र.कु.कुसुम।